श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:एफ-3/78/एलबीएस/शै०/2022-23/ 3342. दिनांक:27/12/2022

कार्यालयीय सूचना

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में आचार्य, एम.ए. (हिन्दी, हिन्दू-अध्ययन, अंग्रेजी एवं समाजशास्त्र) नियमित पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु दिनांक 23.12.2022 को आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम दिनांक 26.12.2022 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर पदर्शित किया जा चुका है। वरीयता सूची के अनुसार सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेश सम्बन्धित प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रदान किया जायेगा।

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष पीठ प्रमुख के कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ही प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क दिनांक 27.12.2022 से 30.12.2022 तक तक लेखा विभाग के कक्ष संख्या: 20 में जमा किया जायेगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र एवं प्रवेश शुल्क को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

मूल-प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
4. मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन)
5. पूर्व परीक्षाओं की मूल अंकतालिकाएं
6. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
7. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
8. बैंक खाते के पासबुक की प्रतिलिपि।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त पीठ प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि वह प्रवेश समितियों के गठन हेतु जारी सूचना के अनुसार अपने-अपने पीठ से सम्बन्धित प्रवेश प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करें।
2. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कुलानुशासक
3. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)
4. पीठ प्रमुख (छात्र कल्याण)
5. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
6. उपकुलसचिव, लेखा
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट प्रेषित करने का कष्ट करें।
8. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव
9. कार्यालय आदेश पत्रावली
10. सम्बन्धित अभ्यर्थियों के सूचनार्थ
11. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)